## संक्षिप्त

### सरकारी क्वार्टर में आग लगी

**भरतपुर** (निस)। शहर की रेलवे कॉलोनी स्थित सरकारी क्वार्टर में देर रात आग लग गई, जिससे दो स्कूटी और घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। आग बुझाने के दौरान बाप-बेटे झुलस गए। आग लगने की सूचना मिलते ही आसपास के पड़ोसी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया। आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन को सूचित किया गया, लेकिन तब तक पीड़ित और पड़ोसियों ने आग पर काबू पा लिया था। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी। आग लगने से करीब लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गनीमत रही कि घर में मौजूद बेटी पढ़ाई कर रही थी और उसने आग देखकर सभी को जगाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। विमता कुमारी ने बताया कि रेलवे कॉलोनी में क्वार्टर नंबर 154/ए में बिजली के शॉर्ट सर्किट के चलते आग लग गई.यह देर रात 11रू30 की घटना है. घर के सभी सदस्य सोए हुए थे सिर्फ बच्ची पढाई कर रही थी जब बच्ची पानी पीने के लिए बाहर आई तो देखा कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हुई है. उसने सभी को सदस्यों को जगाया उसके बाद हम लोगों ने सामान को कमरों से बाहर निकाला. लेकिन उससे पहले बरामदे में खडी दो स्कूटी के साथ घरेलू सामान जलकर खाक हो गया. आग को देखकर के पड़ोसी भी आ गए और उन्होंने भी आग बुझाने का प्रयास किया अग्निशमन को सूचित कर दिया गया ।

### 'बजट किसान और कृषि को समर्पित'

**शाहपुरा** । राज्य सरकार का आम बजट किसान ओर कृषि के लिए समर्पित रहा है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जगदीश सैनी उर्फ गुड्डू ने कहा कि राज्य सरकार का आम बजट किसान ओर कृषि के लिए समर्पित बजट है। ये बजट खेती को ताकत, किसान को सीधा समर्थन है। 50,000 किसानों को तारबंदी के लिए 288 करोड़ का अनुदान दिया जाएगा। अगले वर्ष 50,000 सोलर पंप लगाए जाएंगे, 1500 करोड़ खर्च होंगे। 8000 डिग्गियां और 36,000 फार्म पोंड के लिए अनुदान दिया जाएगा।

शपथ ग्रहण समारोह आज

निवाई। बार एसोसिएशन के तत्वावधान में कटारा पैराडाइज में 13 फरवरी को बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### मांगीलाल महावर बने प्रदेश उपाध्यक्ष

**निवाई** । अखिल भारतीय कोली समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र कश्यप एवं राष्ट्रीय महामंत्री डीपी वर्मा के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष आरसी वर्मा एवं प्रदेश महामंत्री नारायणसहाय कोली ने संगठन में निवाई निवासी मांगीलाल महावर को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। जिनको नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट देने की सराहना

**जयपुर** । 610956 करोड़ रूपये के इस बजट में गत वर्ष से 9.37 प्रतिशत की वृद्धि है। प्रो.रमेश बैरवा प्रदेश संयोजक राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ (रुक्टा डेमोक्रेटिक ने कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट,9वीं की छात्राओं को साइकिल,कक्षा 1-8 के विद्यार्थियों को मुफ्त यूनिफॉर्म,छात्राओं के लिए टायलेट, कॉलेजों को क्रमोन्नत के प्रावधान अच्छे हैं लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी तो बड़ी संख्या में जानलेवा जर्जर विद्यालय भवनों के लिए पर्याप्त बजट आवंटन तथा स्कूल एवं कॉलेजों में बड़ी संख्या में रिक्त शिक्षक, पीटीआई, लाइब्रेरियन एवं कर्मचारियों की भर्ती की घोषणा थी। कई वर्षों से कार्यरत विद्या संबल गेस्ट फेकल्टी को स्थाई करने की उम्मीद थी।

### श्वेता शर्मा को पीएचडी की उपाधि

**पावटा**। जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के शिक्षा संकाय ने स्थानीय निवासी श्वेता शर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। श्वेता ने अपना शोध कार्य डा.विष्णु शर्मा के कुशल निर्देशन में सफलतापूर्वक पूरा किया। उनके शोध का विषय "अभिभावक संलग्नता, साथी दबाव व शैक्षिणक तनाव का रांची के उच्च माध्यमिक स्तरीय विद्यार्थियों की शैक्षिणक उपलब्धि के संदर्भ में अध्ययन" रहा। अपने शोध के माध्यम से उन्होंने विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य और उनकी शैक्षिणक सफलता पर पड़ने वाले सामाजिक व पारिवारिक प्रभावों का विस्तृत विश्लेषण किया है।

# दिल्ली से आये दल के समक्ष स्कूल में प्री प्राइमरी के छात्रों का बर्थडे सेलिब्रेशन हुआ

**सांभरझील**, (निसं)। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की ओर से पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सांभर लेक की शैक्षिणक गुणवत्ता, उपलब्धियों, भामाशाहों के सहयोग, स्वच्छ-हरित विद्यालय कैंपस और बेहतरीन विद्यालय संचालन की व्यवस्थाओं को देखने के लिए दिल्ली सरकार के 25 जिला, ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारियों का दल जिला समन्वयक अनुज कुमार गौतम के नेतृत्व में विद्यालय पहुँचा। विद्यालय में कम्युनिटी कनेक्ट प्रोग्राम के तहत प्री प्राइमरी के विद्यार्थियों का बर्थडे सेलिब्रेशन, मदर कंपटीशन करवाया गया। विशाल पुस्तकालय भवन में स्थानीय विद्यालय के शिक्षकों और दिल्ली के शिक्षाविदों के मध्य शैक्षिक विचार विमर्श हुआ। लाइब्रेरी, आईटी, हेल्थ और पीएम श्री लैब की गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा दिया गया। यहां के नवाचारों की सभी ने प्रशंसा की। स्वच्छता का बेहतरीन प्रबंधन, कक्षाकक्ष में स्मार्ट बोर्ड से अध्यापन, बेहतरीन शिक्षाप्रद फ्लेक्स-चित्रों और भामाशाहों के द्वारा किए गए विकास के लिए प्रधानाचार्य की प्रेरणा और शाला प्रशासन की सक्रियता को मुक्त कंठ से सराहा गया। अंत में समस्त शिक्षा अधिकारियों द्वारा विद्यालय की अनेक गतिविधियों को दिल्ली सरकार के शैक्षिक क्षेत्र में भी लागू करने की अनुशंसा करने की बात कही। प्रधानाचार्य टीकम चंद मालाकार व स्टाफ के द्वारा आगंतुकों का सम्मान किया।



बेहतरीन विद्यालय संचालन की व्यवस्थाओं को देखने के लिए दिल्ली सरकार के 25 जिला, ब्लॉक स्तरीय शिक्षा अधिकारियों का दल जिला समन्वयक अनुज कुमार गौतम के नेतृत्व में विद्यालय पहुँचा।

■ दिल्ली के शिक्षाविदों ने दरबार विद्यालय का निरीक्षण किया

### स्किल ट्रेनिंग सेन्टर का निरीक्षण

**टोंक** । जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बुधवार को नगर पालिका उनियारा में राजस्थान कौशल एवं राजीविका विकास (आरएसएलडीसी) द्वारा संचालित स्किल ट्रेनिंग सेन्टर का औचक निरीक्षण किया।

जिला कलेक्टर ने निरीक्षण के दोरान ट्रेनिंग सेन्टर की व्यवस्थाओं, सिखाई जा रही गतिविधियों का अवलोकन किया।

उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें सिखाई जा रही हैंड एंब्रोइडिंग एवं सिलाई कार्य की जानकारी ली साथ ही संस्था के रिकॉर्ड को भी जांचा।

जिला कलेक्टर ने संस्था संचालक से वर्तमान में संचालित स्किल गतिविधि, छात्राओं की संख्या, प्रतिदिन छात्राओं की उपस्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। संस्था में छात्राओं की कम उपस्थिति एवं रिकार्ड का सही प्रकार से संधारण नही होने को उन्होंने गंभीरता से लिया।

उन्होंने उनियारा तहसीलदार पूजा मीना को समस्त रिकार्ड की बारीकी से जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### प्रसन्न सागर महाराज का गुन्सी में मंगल प्रवेश

**निवाई/गुन्सी**। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में बुधवार को आचार्य प्रसन्न सागर महाराज ससंघ का सहस्त्र कूट जिनालय विज्ञा तीर्थ गुन्सी में मंगल प्रवेश हुआ। अखिल भारतीय जैन धर्म प्रचारक विमल पाटनी एवं हितेश छाबड़ा ने बताया कि आचार्य प्रसन्न सागर महाराज संघ बुधवार को विज्ञा तीर्थ गुन्सी पहुंचे। जहां विज्ञा तीर्थ कमेटी के कार्याध्यक्ष सुनील भाणजा, नवरत्न टोंग्या, अमित कटारिया, विमल पाटनी, इन्दू मित्तल, कमलेश झिलाय, लालचंद कठमाणा, अनिल बनेठा, जैन सोशल ग्रुप के हितेश छाबड़ा, राजस्थान जैन सभा उपाध्यक्ष चेतन निमोडिय़ा, मनीष बैद, त्रिलोक रजवास, अशोक भाणजा, महेश मोठूका, नेमीचंद सिरस, अनिल भाणजा व रवि भाणजा सहित कई श्रद्धालुओं ने आचार्य प्रसन्न सागर महाराज का पाद् प्रक्षालन कर अगुवानी की ।

# प्रतिभाएं देश की धरोहर : प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर

**निवाई**। शहर की शिवाजी कॉलानी स्थित आदर्श उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि पीएम श्री राउमावि के प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर रहे व अध्यक्षता कर रहे त्रिलोकचन्द जैन ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य गिरिराज प्रसाद गुर्जर ने कहा कि प्रतिभाएं देश की धरोहर है। इनका संरक्षण करना हम सब का दायित्व है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कडी मेहनत करके अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करें और अपने माता-पिता व गुरूजनों को नाम रोशन करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहनलाल स्वामी ने बताया कि सत्र-2024-25 में 10 बोर्ड परीक्षा में 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रिद्धिमा जारोलिया व दिव्या वर्मा को पारितोषिक के रूप में 21-21 हजार की नकद राशि व 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्र हरिओम शर्मा, दिक्षांत, विजेन्द्र चौधरी, रितेश मीणा व छात्रा कोमल शर्मा, मानसी राजवंशी व अलमेषा सैनी को 11-11 हजार रूपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 12 बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त हर्षिता शर्मा, अरविन्द बैरवा, रोहित मीणा, ललिता सैनी व आयुषी कुमावत को 11-11 हजार रूपए की नकद राशि व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट परिणाम देने वाले शिक्षक महेशचन्द स्वामा व मनीषा रूरा को 2100 व 1100 के नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र दिया।



निवाई के आदर्श उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह प्रतिभाओं को पुरस्कृत किया।

# विकसित के संकल्प को साकार करने वाला ऐतिहासिक बजट

■ पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बजट को लेकर दी प्रतिक्रिया

**चौमूं / कालाडेरा**। राजस्थान सरकार ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास और 8 करोड़ प्रदेशवासियों की खुशहाली को समर्पित वित्तीय वर्ष 2026-27 का बजट बुधवार को विधानसभा में प्रस्तुत किया। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बजट प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के विजन को धरातल पर उतारते हुए, उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत यह बजट आत्मनिर्भर राजस्थान की नींव को मजबूत करने वाला एक गारंटी कार्ड है। यह सर्वस्पर्शी बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का आधार बनेगा। सरकार एक ऐसे समृद्ध राजस्थान की नींव रख रही हैं जहाँ विकास का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचेगा। बजट घोषणा में विधानसभा क्षेत्र चौमूं के लिए श्री मालेश्वर नाथ जी मंदिर की सड़क निर्माण के लिए 4 करोड सहित अन्य सड़कों के निर्माण के लिए 5.80 करोड़ रूपये और 220 केवी जीएसएस निर्माण कार्य - मंडा (चौमू ), 33/11 केवी जीएसएस निर्माण कार्य - सामोद (चौमू ), चौमू में नवीन औद्योगिक पार्क की स्थापना करने की घोषणा की गई है। इसके साथ साथ यह बजट केवल वित्तीय लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राज्य के गरीब, युवा, महिला और अन्नदाता (किसान) के उत्थान का एक ठोस रोडमैप है। सरकार का स्पष्ट विजन है। इसके साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 1800 करोड़ की लागत से नई सड़के एवं ब्रिज, 15 नए रेलवे ओवर ब्रिज, किसानों के लिए सस्ती बिजली, 25 हजार महिलाओं और युवाओं को मिनी ई मित्र पर अधिकृत,युवाओं के लिए वोकेशनल कोर्स आदि, प्रदेश में राजस्थान स्टेट टेस्ट एजेंसी , 8वे वेतन आयोग के लिए कमेटी, भर्ती प्रकिया पारदर्शी बने प्रयास, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना पर एक हज़ार करोड़, तीस हज़ार युवा लाभान्वित होंगे, ऑनलाइन टेस्ट सेंटर बनेंग, व्यवसायिक शिक्षा प्रत्येक जिले में एक विधालय, आठवीं, दसवी और 12वी के चयनित विद्यार्थियों को टैब खरीदने में बीस हज़ार की सहायता, स्कूल्स के मरम्मत और जीर्णोद्धार हेतु 550 करोड़, चार सौ करोड़ से नए स्कूल भवन निर्माण, 22746 आंगनबाड़ी केन्द्रों में खेल सामग्री और जादुई पिटारा उपलब्ध कराया जाएगा।

### बजट में फुलेरा विधानसभा के साथ सौतेला व्यवहार

**फुलेरा**। राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजट को लेकर फुलेरा विधायक एवं ज़िलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी जयपुर देहात विद्याधर सिंह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस बजट में सरकार की दलगत राजनीति साफ तौर पर नजर आती है। विधायक विद्याधर सिंह ने कहा कि इतिहास में पहली बार फुलेरा विधानसभा को बजट में कोई भी सौगात नहीं मिली, जो क्षेत्र के साथ घोर अन्याय है। उन्होंने बताया कि पर्यटन नगरी सांभर के विकास के लिए बजट में विशेष प्रावधान की पूरी उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की पूरी तरह अनदेखी की है। उन्होंने आगे कहा कि फुलेरा उप जिला अस्पताल के नवीन भवन, क्षेत्र की जर्जर सड़कों, पेयजल व बिजली आपूर्ति जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया, जिससे आमजन में भारी निराशा है। विधायक ने आरोप लगाया कि बजट में फुलेरा विधानसभा के साथ सौतेला व्यवहार किया गया है और राज्य सरकार के इस बजट ने क्षेत्रवासियों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हक के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

# मर्डर व मारपीट के मामले में 23 लोगों को सजा

■ 12 लोगों को आजीवन कारावास

**भरतपुर** (निस)। भरतपुर की अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-3 ने मारपीट और मर्डर के मामले में 23 लोगों को सजा सुनाई है। जिसमें 12 लोगों को आजीवन कारावास और 11 को 7-7 साल की सजा सुनाई है। फैसले के दौरान कोर्ट दोनों पक्षों के लोगों की भीड़ लग गई। साल 2015 में दो पक्षों में झगड़ा हुआ था। जिसमें एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अपर लोक अभियोजक धर्मेंद्र कुमार ने बताया- घटना चिकसाना थाना इलाके के पीपला गांव की है। 16 अगस्त को दयाचंद ने थ्प्त् दर्ज करवाते हुए बताया कि मेरा भतीजा गांव के ही बस स्टैंड पर खडा था। इस दौरान गांव के ही सौदान सिंह ने अपने परिजनों के साथ मिलकर मेरे भतीजे राकेश के साथ बुरी तरह मारपीट कि जब हमारे परिवार के लोग उसे बचाने के गए तो, सौदान सिंह के परिजनों ने राकेश के परिजनों को भी पीटा। मारपीट के दौरान सौदान सिंह राकेश के गोली मार दी। घटना में राकेश की मौत हो गई। साथ ही हमारे परिजनों के भी चोटें आई। दयाचंद ने सौदान सिंह सहित 15 लोग गुलाब, मुकेश, होरी लाल, गुड्डू, करतार, चरण सिंह, ओमी, लाखन, भगवान सिंह, रघुवीर, महेश, खजान, भोजा, सौदान, राजू के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई।15 लोगों के खिलाफ चालान हुआ पेश जिसके बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और 15 लोगों के खिलाफ चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट की तारीखों के दौरान भोजा, सौदान, राजू की मौत हो गई। 12 लोगों को आज कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जो तीन लोगों की मौत हो चुकी है कोर्ट ने उन्हें भी दोषी माना था।

अपर लोक अभियोजक धर्मेंद्र कुमार ने बताया - दूसरे पक्ष श्याम लाल ने भी 16 अगस्त को चिकसाना थाने में मामला दर्ज करवाते हुए बताया था कि दयाचंद और उसके परिजनों ने मेरे परिवार के ऊपर हमला किया। जिसमें मेरे परिवार के कई लोगों के चोटें आई। श्यामलाल ने 54 लोगों के खिलाफ थ्प्त् दर्ज करवाई थी। पुलिस ने मामले की जांच की और 11 लोगों को आरोपी माना। इस मारपीट में तेजपाल, अटल बिहारी, तेजसिंह, टीकम, दयाचंद, रघुवीर, प्रभु, वीरेंद्र, चरण सिंह, दिनेश, नरेंद्र को दोषी माना। पुलिस ने 11 लोगों के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट में केस चला और आज कोर्ट ने 11 लोगों को दोषी मानते हुए सभी को 7-7 साल की सजा सुनाई है।

# 'परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए छात्र मोबाइल फोन से दूरी रखें'

■ वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार जागरूकता शिविर आयोजित

**शाहपुरा** । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष भँवरलाल बुगालिया एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नींझर में वरिष्ठ नागरिकों के कानूनी अधिकार नालसा योजना - 2016 पर शिविर आयोजित किया। इस शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य प्रकाश चंद्र जाट द्वारा की गई। उन्होंने परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए विद्यार्थियों को टीप्स की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आपको किसी भी स्थिति में मोबाइल फोन से दूरी बनाकर रखनी है। किसी भी असामाजिक तत्वों के मध्य कोई भी व्यवहार नहीं रखें। समय की उपयोगिता को समझें, साईबर ठगी की घटनाओं पर तत्काल हेल्पलाइन नंबर 1930 पर सूचित करें। आप किसी भी अनजान व्यक्ति से दूरी बनाते रखकर ही परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकते है। इस शिविर में महिला उत्पीडन समिति की अध्यक्ष मीनू सैनीभी उपस्थित रही। इस अवसर पर अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक जिनकी उम्र 60 वर्ष से अधिक है, उसे निःशुल्क कानूनी सहायता, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण कल्याण अधिनियम 2007के तहत, संतान, रिस्तेदारो से मांग कर सकते हैं, एवं उन्हें गरिमा पूर्ण जीवन का अधिकार है। इसमें भरण-पोषण का दावा, एवं स्वयं द्वारा अर्जित सम्पत्ति की सुरक्षा, निशुल्क कोर्ट फीस कानूनी सहायता, राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से शीध्र प्रकरणों का निपटारा किया जाता है। यदि संतान या रिस्तेदार वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल, चिकित्सा, नहीं कराते, या मानसिक, शारीरिक शोषण, धमकी, उपेक्षा, या प्रताड़ित करने पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा उन्हें उन्हें अपनी स्वयं अर्जित संपत्ति से बेदखल करने के लिए सक्षम मजिस्ट्रेट को लिखित सूचना देने पर उन्हें बेदखल कर सकते है। जिला विधिक सेवा हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी अपनी समस्याओं को सूचित कर सकते है। सभी पुलिस थाना पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए हेल्प डेस्क स्थापित की गई है। उनसे सम्पर्क कर सहायता प्राप्त कर सकते है।



तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में शिविर का आयोजन हुआ।

## सार-समाचार

### सरिस्का साहित्य संवाद का पोस्टर जारी



**अलवर**। आगामी 16-17 फरवरी को रिवाज रिसॉर्ट, कंपनी बाग, अलवर में आयोजित होने जा रहे सरिस्का साहित्य संवाद के प्रथम सांस्कृतिक साहित्य महोत्सव के संदर्भ में आज पोस्टर विमोचन एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति ने कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा, उद्देश्य एवं प्रमुख आकर्षणों की जानकारी साझा की आयोजकों ने बताया कि यह दो दिवसीय आयोजन प्रकृति और साहित्य के समन्वय पर आधारित एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित किया जा रहा है, जिसमें साहित्य, संस्कृति और विचारों का समागम होगा। महोत्सव के अंतर्गत डॉक्यूमेंट्री स्क्रीनिंग, साहित्यिक परिचर्चा-जिनमें मीडिया, साहित्य एवं समाज विषय पर विशेष चर्चा तथा 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष विमर्श आयोजित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त विभिन्न कार्यशालाओं एवं साहित्यिक प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य साहित्य को प्रकृति और संस्कृति के माध्यम से समाज के केंद्र में स्थापित करना तथा युवा पीढ़ी को सृजनात्मक अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करना है । आयोजकों ने बताया कि 17 फरवरी की प्रातः सरिस्का वॉक के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस पदयात्रा में प्रतिभागी सरिस्का क्षेत्र और पांडुपोल हनुमान मंदिर तक प्रकृति के सान्निध्य में भ्रमण करेंगे। विमोचन समारोह में कपिल शर्मा, नागेन्द्र, नरेन्द्र, विजय यादव, संदीप योगी, सुन्दर पांचाल, प्रभात मिश्रा सहित आयोजन समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### 9 दिन बाद खत्म हुआ वकीलों का धरना

**पावटा** । विराटनगर न्यायिक क्षेत्र में एडीजे अपर जिला एवं सत्र न्यायालय कोर्ट की स्थापना की मांग को लेकर अधिवक्ताओं द्वारा तहसील परिसर में पिछले 9 दिनों से चल रहा धरना बुधवार को समाप्त हो गया। भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल के आश्वासन के बाद बार अध्यक्ष सुभाष गुर्जर को जूस पिलाकर आमरण अनशन समाप्त करवाया गया बार सचिव विनोद कुमार गुर्जर ने बताया कि विराटनगर में एडीजे कोर्ट की स्थापना की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है। पूर्ववर्ती सरकार ने बजट भाषण में विराटनगर में एडीजे कोर्ट खोलने की घोषणा भी की थी, लेकिन नए जिलों के गठन के बाद यह घोषणा फाइलों में सिमट कर रह गई। उन्होंने बताया कि एडीजे कोर्ट नहीं होने के कारण अपील से जुड़े मामलों की सुनवाई प्रभावित हो रही है। क्षेत्र के अधिवक्ताओं और वादकारियों को अपील संबंधी मामलों के लिए कोटपूतली-बहरोड जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक भार दोनों बढ रहे हैं। वकीलों की हड़ताल के चलते उप जिला मजिस्ट्रेट एवं राजस्व न्यायालय में भी कई मामलों की सुनवाई टल गई। धरने के दौरान बार अध्यक्ष सुभाष गुर्जर पिछले तीन दिनों से आमरण अनशन पर बैठे हुए थे, जिससे उनकी तबीयत भी बिगड़ गई थी। बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल धरना स्थल पर पहुंचे और अधिवक्ताओं से बातचीत की। उन्होंने बताया कि विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने वकीलों की मांगों को गंभीरता से लिया है तथा एडीजे कोर्ट की स्थापना की मांग को जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया है। आश्वासन मिलने के बाद जिलाध्यक्ष बादलीवाल ने बार अध्यक्ष सुभाष गुर्जर को जूस पिलाकर अनशन समाप्त करवाया, जिसके साथ ही 9 दिनों से जारी आंदोलन समाप्त हो गया। अधिवक्ताओं ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही एडीजे कोर्ट की स्थापना को लेकर सकारात्मक निर्णय लेगी।

### उपाध्याय को याद किया

**टोंक** । मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाते हुए उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर संगोष्ठी आयोजित की गई । संगोष्ठी में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार एवं सिद्धांत सदैव राष्ट्रसेवा, संगठन एवं समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए हम सभी को प्रेरित करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ने अद्वितीय कौशल संगठन से जनसंघ के विस्तार में अहम भूमिका निभाई, जिसने आज भाजपा जैसे वट वृक्ष का रूप लेकर भारतीय संस्कृति के प्रवाह को अभिसिंचित कर रहा है। आज भी भारतीय जनता पार्टी के कार्यों में दीनदयाल के सोच का असर दिखाई पड़ता है, वे भारत माता के ऐसे सपूत थे जिन्होंने अपने कार्यों और विचारों से लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया पंडित दीन दयाल उपाध्याय ने आजादी के बाद खुशहाल समृद्ध और विकसित भारत के निर्माण के लिए अंत्योदय का सपना देखा था, जिसके लिए वे जीवनभर संघर्ष करते रहे। उनके अत्योदय के सिद्धांत का मतलब भारत के अंतिम व्यक्ति को समृद्ध करना ही था। अंत्योदय का नारा देने वाले दीनदयाल उपाध्याय का कहना था कि अगर हम एकता चाहते हैं, तो हमें भारतीय राष्ट्रवाद को समझना होगा, जो हिंदू राष्ट्रवाद है और भारतीय संस्कृति हिन्दू संस्कृति है। इस अवसर पर पूर्व सभापति लक्ष्मी जैन,नरेश बंसल जिला महामंत्री प्रभु बाडोलिया, जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र चौधरी, राजेश शर्मा,बबलू टैंकर, मंत्री रामकिशन गुर्जर, राजेश मंगल, विजय मालवानी शम्भू शर्मा, राम अवतार धाबाई, मण्डल अध्यक्ष भगवानदास सैनी, नन्दलाल जाट, सुरेश खटाना, विष्णु चावला सहित अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे ।

### बेहतरीन बजट : कसाना

**कोटपूतली** । वित्त मंत्री के रूप में डिप्टी सीएम दिया कुमारी द्वारा प्रदेश की विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु बुधवार को प्रस्तुत किये गये राजस्थान के वार्षिक बजट पर प्रतिक्रिया देते हुये वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना ने इसे युवाओं के लिये रोजगार, कौशल और स्टार्टअप को बढ़ावा देने वाला बजट बताया। कसाना ने कहा कि यह बजट प्रदेश के प्रत्येक वर्ग, किसान, युवा, महिलाओं की उन्नित और प्रदेश के विकास के लिये समर्पित हैं। जिसमें आधारभूत संरचना, शिक्षा, चिकित्सा, पेयजल आपूर्ति, युवाओं के लिये रोजगार, महिलाओं की सुरक्षा, स्वरोजगार और किसानों की आमदनी को बढ़ाने के लिये काम किया गया हैं। सिंचाई योजना और सब्सिडी की ऐतिहासिक घोषणाओं से किसानों का भविष्य सुरक्षित होगा। हरित राजस्थान, पर्यावरण संरक्षण के कार्य, हरियालो राजस्थान अभियान में इस वर्ष 10 करोड़ पौधारोपण व वन जीव संरक्षण को लेकर बजट में विशेष घोषणायें की गई हैं। आपणो अठाणी राजस्थान के विजन के साथ ऐतिहासिक और चहुंमुखी विकास के लिये समर्पित बजट के लिये कसाना ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व वित्त मंत्री डिप्टी सीएम दिया कुमारी का आभार व्यक्त किया हैं।

### हादसे में एक की मौत

**राजगढ़**। करौली अलवर मार्ग पर स्थित माचाडी ग्राम के पास देर रात्रि मंगलवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना में शिकार व्यक्ति अपने गांव से अलवर प्याज बेचान के लिए जा रहे थे। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ठाम नांगल लाट टोडाभीम निवासी जगराम 65 वर्ष पुत्र सावल राम ट्रैक्टर में प्याज भरकर गांव से अलवर के लिए रवाना हुए थे। रात्रि करीब 12 बजे के आसपास रास्ते में ठहराव पर सड़क पार करते दुर्घटना में जगराम की मौत हो गई। इस सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं मृतक के शव को राजगढ़ चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी। परिजनों की और से इस मामले की रिपोर्ट अभी तक दर्ज नहीं कराई है।

### चतरनाथ बाबा का मेला आज

**सिरस**। गांव कारोला में चतरनाथ सेवा समिति के तत्वावधान में श्री चतरनाथ बाबा धाम पर गुरूवार को वार्षिक मेले का आयोजन होगा। जिसकी तैयारियों जोर-शोर पर की जा रही है। चतरनाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि विक्रम संवत 2014 से यहा अखंड ज्योति व धुणी जलती आ रही है। वार्षिक मेले को लेकर चतरनाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों द्वारा मेले की तैयारियों जोर-शोर पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि मेले को लेकर भंडारे का भी आयोजन होगा।